हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 23 दिसंबर 2023

04 नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म के आरोपी पिता को शेष ...



07 अमेजन प्राइम पर पूरे विश्व में 600 देशों व 10 भाषाओं...





## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2500 | 3790 |
| गेहूं 1544 | 2300 | 3311 |
| चना | 4800 | 5600 |
| मसूर | 4700 | 5688 |
| सोयाबीन | 3000 | 4650 |
| सरसों | 3600 | 5891 |
| धान | 1650 | 4285 |
| तुअर | 0000 | 0000 |
| मूंग | 6650 | 6650 |
| तेवड़ा | 4000 | 4200 |
| उड़द | 4780 | 6400 |

## खबर संक्षेप

### गणेश उत्सव 2023 का पुरस्कार वितरण आज

**विदिशा।** सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति ने गणेश उत्सव 2023 - 24 का पुरस्कार वितरण समारोह आज अग्रवाल धर्मशाला के तारा देवी हाल में 11 बजे से रखा गया है। समिति प्रवक्ता मनोज शर्मा ने बताया कि नगर मे 130 गणेश उत्सव समितियों को तीन श्रेणी में सम्मानित किया जाएगा जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं सांत्वना पुरस्कार शामिल हैं।

### कथा में कृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन

**विदिशा।** ग्राम अहमदपुर कस्बा में



चतुर्थ दिवस की श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण के बाल स्वरूप की कथा का मंचन किया गया। कथा व्यास निधि किशोरी दीदी द्वारा बड़े ही सुंदर ढंग से भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। इस अवसर पर अहमदपुर डांगरवाड़ा चांदपुर खेजड़ा बाडर सूरत टीला बाहेड़िया आदि ग्रामों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

### सर्पदंश के प्रकरण में 4 लाख की मदद जारी

**विदिशा।** सर्पदंश के एक प्रकरण में चार लाख की आर्थिक सहायता राशि मृतक के परिजन को जारी की गई है। आरबीसी के प्रावधानों तहत उपखंड अधिकारी क्षितिज शर्मा ने शहरी तहसीलदार के पालन प्रतिवेदन पर चिडौरिया निवासी राजेश कुशवाह की मृत्यु सर्पदंश से हो जाने के कारण मृतक के पिता जगदीश कुशवाह को चार लाख की आर्थिक सहायता जारी की गई है।

### इनाम की उद्घोषणा

**विदिशा।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के द्वारा थाना कुरवाई में दर्ज प्रकरण में सूचना देने वालों को दो हजार रुपए की नगद राशि देने की उद्घोषणा की है। एसपी शुक्ला के द्वारा जारी इनाम उदघोषणा आदेश में उल्लेख है कि थाना कुरवाई में दर्ज अपराध के फरार आरोपी रोशन पुत्र नोनीत राम चिड़ार निवासी ग्राम शाहपुर की सूचना देने वाले को दो हजार की राशि इनाम देने की घोषणा की है।

### सुशासन दिवस पर शपथ दिलाई



**विदिशा।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। चूंकि 23 से 25 दिसम्बर तक अवकाश होने के कारण 22 दिसम्बर को अधिकारी, कर्मचारियों के द्वारा सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने शुक्रवार की सुबह 11 बजे नवीन कलेक्ट्रेट परिसर में सुशासन की शपथ का वाचन किया जिसे संयुक्त कलेक्टर राजेश गुप्ता, विष्णु यादव समेत अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा दोहराई गई।

# अब सांता की ड्रेस में बुलाने से पहले पालकों से लेनी होगी अनुमति, आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

- क्रिसमस के पैटर्न को अनुग्रहित करने के लिए विवश करते हैं।

शिक्षा विभाग ने मिशनरी स्कूलों सहित सभी शासकीय अशासकीय विद्यालयों को आदेश जारी कर दिया है। जिसमें संयुक्त कलेक्टर के पत्र का हवाला देते हुए कहा गया है कि क्रिसमस के अवसर पर विद्यालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले बच्चों को क्रिसमस ट्री, सांता क्लोस एवं अन्य कोई पात्र बनाए जाने से पहले छात्र छात्राओं के अभिभावक से लिखित अनुमति ली जाए। किसी भी स्थिति में बिना अभिभावक के लिखित अनुमति के किसी भी छात्र छात्राओं की आयोजन में सहभागिता न कराई जाए। जिससे की किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो। आदेश में कहा गया है की यदि किसी भी प्रकार की शिकायत या विवाद संज्ञान में आया तो स्कूल संस्था के विरुद्ध एक पक्षीय अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। सकल हिंदू समाज ने बुधवार को संयुक्त कलेक्टर राजेश गुप्ता को एक ज्ञापन सौंपा था। जिसमें मांग की गई थी की बच्चों को सांता क्लोज बनाने



से पहले मिशनरी स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिभावकों से लिखित सहमति लेना अनिवार्य कराने का आदेश जारी किया जाए। समिति सदस्यों ने बताया कि पिछले कई वर्षों में देखा गया है की मिशनरी स्कूलों एवं कुछ प्राइवेट शिक्षण संस्थाओं द्वारा क्रिसमस पर्व को स्कूलों में मनाते हुए छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों की अनुमति लिए बिना सांता की ड्रेस में आने एवं क्रिसमस ट्री बनाने या क्रिसमस के पैटर्न को अनुग्रहित करने के लिए विवश किया जाता है।

- सनातन से जुड़े पर्व मिशनरी स्कूलों में नहीं मनाए जाते।

### संगठनों ने दी थी आंदोलन की चेतावनी

बुधवार को सकल हिन्दू संगठनों द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया था की मिशनरी स्कूलों की यह षड्यंत्र धर्मांतरण की नींव रखता है। यह एक सोची समझी साजिश के तहत सनातन धर्म पर आघात है। 14 दिसंबर को शाजापुर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी अशासकीय स्कूलों को इसी प्रकार का आदेश जारी किया गया है। अतः तत्काल प्रभाव से जिले में इस प्रकार का आदेश जारी करवाने की मांग की गई थी। लोगों की यह मांग पूरी होने पर प्रशासन सहित मीडिया का आभार व्यक्त किया जा रहा है। साथ ही अब यह मांग प्रबल हो रही है कि मिशनरी स्कूलों में सनातनी परिवारों के बच्चे पढ़ते हैं इसलिए भारतीय पर्व त्यौहारों सहित सनातन धर्म की शिक्षा पर फोकस होना चाहिए।

### घुमावदार मोड़ खत्म होंगे, पूरा रास्ता सीधा करने की योजना

# विदिशा-सागर बायपास को फोरलेन में तब्दील करने का काम हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नगर के बायपास को फोरलेन करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस प्रक्रिया में बायपास के घुमाव खत्म होंगे और रास्ता बिल्कुल सीधा हो जाएगा। इसके साथ ही आवागमन में सुविधा होगी और हादसों की आशंका भी कम हो जाएगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा विदिशा बायपास को फोर लेन करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें 27 किमी लंबाई में यह निर्माण किया जाएगा।





विदिशा। बायपास की सड़क को चौडी करने समतलीकरण का काम शुरू। जमीन पर किसानों के बोर भी लगे हुए हैं।

### सफर होगा और आसान

बायपास के बनने मात्र से शहर के यातायात का दबाव काफी हद तक कम हुआ है। अब शहर में बड़े ट्रक, ट्राले और और लंबी दूरी की जाने वाली बसें शहर में घुसे बिना ही बयापास होकर निकल जाती हैं। इससे शहर के यातायात को काफी राहत मिली है। लेकिन अब बायपास के फोरलेन हो जाने से यातायात और सुगम होगा।

### हादसों पर लगेगा अंकुश

बायपास के फोर लेन होने से सबसे महत्वपूर्ण काम यह होगा कि घुमावदार मोड़ खत्म होंगे और पूरा रास्ता सीधा करने की योजना है। इससे तेजी से मुड़कर आते वाहनों के कारण होने वाले हादसों पर अंकुश लग सकेगा। इसी तरह सड़क के दोगुनी चौड़ी हो जाने से भी यातायात काफी सुगम हो जाएगा और हादसों की आशंका भी कम हो जाएगी। बायपास पर किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई है। कुछ किसानों के टयूबवेल अधिग्रहित हो चुकी जमीन में लगे हैं। फोरलेन निर्माण में यह बोर सड़क के नीचे दब जाएंगे।

### टोल नाका बनेगा

एनएच 146 में अभी भोपाल-रायसेन और सागर के पास टोल नाका बनाया गया है। यहां वाहन चालकों से टोल टैक्स वसूल किया जा रहा है, लेकिन जब भोपाल से सागर तक पूरा हाइवे फोरलेन में तब्दील हो जाएगा तक प्रत्येक 50 किमी के दायरे में टोल नाके चालू किए जाएंगे।

### 1 घंटे जल्दी तय हो जाएगा सफर

अभी भोपाल से रायसेन, विदिशा होकर सागर तक करीब 200 किमी का सफर 4 घंटे में पूरा होता है लेकिन जब 45 मीटर चौड़ा फोरलेन बनकर तैयार होगा तब यह सफर 3 घंटे में ही पूरा हो सकेगा।

# आयोगाध्यक्ष कानूनगो ने शिक्षा नीति पर रखे विचार

### बाल संरक्षण और सुरक्षा विषय अंतर्गत जागरुकता एवं साइबर सुरक्षा पर आधारित कार्यशाला का आयोजन हुआ




विदिशा। कार्यक्रम को संबोधित करते बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली द्वारा बाल संरक्षण एवं सुरक्षा विषय अंतर्गत जागरूकता एवं साइबर सुरक्षा पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो, कलेक्टर उमाशंकर भार्गव, एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व कन्या पूजन कर किया। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने स्कूल में साइबर सुरक्षा के साथ बच्चों की सुरक्षा और संरक्षा पर मैनुअल की संवेदनशीलता विषय पर आधारित कार्यशाला को संबोधित करते हुए लॉर्ड मैकाले के समय से वर्तमान तक की शिक्षा नीति पर अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री की परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम की प्रशंसा की। कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने कहा कि शिक्षक देश के भविष्य के संरक्षक है उन्हें अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन अच्छे से करना चाहिए।

# गिट्टी और डस्ट से किया जा रहा नाले पर सीसी बाल का निर्माण

**शमशाबाद।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत जमनयाई चौराहा से अगरा जागीर तक 13.5 किलीमीटर का निर्माण प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत किया जा रहा है।

अब विभाग के द्वारा सड़क के किनारे नाले पर सड़क का कटाव रोकने सीसी बाल का निर्माण किया जाना थाना लेकिन एक वर्ष बाद अब ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसका निर्माण में ठेकेदार द्वारा गिट्टी,काली डस्ट, वा कम मात्रा सीमेंट से किया जा रहा है। जिसमे बालू रेत का का उपयोग बिल्कुल भी नहीं किया जा रहा है। सीसी बाल में रेत न मिलाए जाने से नाले में वर्षा के पानी के बहाव के कारण कंक्रीट बाल अधिक समय तक नही टिक पाएगी।

ग्राम बीलखेड़ी के कैलाश सिंह राजपूत, सुंदर सिंह, अर्जुन सिंह, भूपेन्द्र सिंह सहित ग्रामीणों ने विधायक सूर्यप्रकाश मीणा,



कलेक्टर उमाशंकर भार्गव से सीसी बाल निमार्ण कार्य की जांच कराए जाने की मांग की है। जब इस संबंध में विभाग के एसडीओ राजेश भदौरिया से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सीसी बाल निर्माण में रेत का उपयोग नहीं किया जाता है।

### नेशनल स्विमिंग में वेदिका का चयन

**विदिशा।** 67वीं राष्ट्रीय शालेय अंडर 17 तैराकी में विदिशा की ओलंपस हाई की कक्षा 9 की छात्रा वेदिका भदौरिया का चयन हुआ है।



मध्यप्रदेश शालेय दल का प्रीनेशनल कैम इंदौर में 26 दिसंबर से 1 जनवरी में आयोजित होगा और राष्ट्रीय प्रतियोगिता 3 जनवरी से नई दिल्ली में आयोजित होगी। वेदिका का चयन 200 मीटर बटरफ्लाई केटेगरी में हुआ है और इसके चयन के पीछे वेदिका का राज्यस्तरीय में उच्चतम प्रदर्शन बताया जा रहा है। स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी ने बताया की छात्रा वेदिका न केवल स्कूल में स्विमिंग सीखती है बल्कि शाम में स्कूल में इवनिंग अकेडमी में भी नियमित ट्रेनिंग लेती है।

### केंद्र सरकार के खिलाफ इंडिया गठबंधन का माधवगंज चौराहे पर प्रदर्शन

# सदन में सवाल पूछना विपक्ष का अधिकार: भार्गव

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

143 सांसदों के निष्कासन के विरोध में कांग्रेस कमेटी एवं इंडिया गठबंधन के निर्देश पर देश व्यापी धरना प्रदर्शन के क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी एवं इण्डिया एलायंस के घटक दलों ने विदिशा जिला मुख्यालय के माधवगंज चौराहे पर सामूहिक धरना प्रदर्शन किया।

इंडिया गठबंधन के गठन के बाद यह पहला देशव्यापी विरोध प्रदर्शना रहा। जिला मुख्यालय पर कांग्रेस के साथ आम आदमी पार्टी, शिवसेना, समाजवादी पार्टी, कम्युनिष्ट पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता पहली बार एकजुटता के साथ खड़े हुए। लगभग 2 घंटे चले धरना प्रदर्शन की कांग्रेस आप, शिवसेना, कम्युनिष्ट पार्टी के नेताओं ने संबोधित करते हुए सांसदों के निलंबन को लोकतंत्र की हत्या



विदिशा। माधवगंज पर आयोजित धरने में बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

बताया, साथ ही हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव नतीजों को ईव्हीएम पर सवाल खड़ा किया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक शशांक श्रीकृष्ण भार्गव ने कहा कि सदन में सवाल पूछना विपक्ष का अधिकार है। इंडिया गठबंधन के सांसदों द्वारा गृहमंत्री के बयान की एवं जिस भाजपा सांसद के पास से संसद में घुसपैठ हुई थी। उस भाजपा सांसद की गिरफ्तारी की मांग की जा रही थी। भाजपा सांसद पर कोई कार्यवाही नहीं की गई जबकि विपक्षी दलों के 143 सांसदों का निलंबन कर दिया गया। यह फासिस्टवाद का चरम है, जब संसद की मर्यादाओं को भी तार-तार किया जा रहा है। सभी विपक्षी दल एकजुटता के साथ देश की जनता को केंद्र सरकार की तानाशाही से अवगत कराएगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश कटारे एवं आप पार्टी के वरिष्ठ नेता भगवत सिंह राजपूत ने कहा कि सांसदों का निलंबन राज्यसभा से मनमाने बिल पास करवाने के लिए किया है। इंडिया गठबंधन की मजबूती और बढ़ती लोकप्रियता से सरकार घबराई हुई है।

शिवसेना जिलाध्यक्ष राहुल जोशी, कम्युनिष्ट पार्टी जिला सचिव कैलाश नारायण कुशवाह, आप पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रमोद शर्मा, कांग्रेस नेता रानी अहिरवार, महेन्द्र वर्मा, देवेन्द्र राठौर ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की तानाशाही चरम पर है। उनकी तानाशाही पूर्ण निर्णयों से सिर्फ कांग्रेस ही नही भाजपा नेताओ ने भी आक्रोश दिखाई दे रहा है। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस नेता अजय कटारे ने किया।

# जल जीवन मिशन तहत संचालित योजनाओं के क्रियान्वित कार्यों की गति तेज करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने जल जीवन एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा की इस वर्ष जिले में औसत वर्षा से कम वर्षा हुई है। इसलिए अभी से पूरी तैयारी कर लें। जिले में कहीं भी पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो इसके लिए पहले से ही प्लान बना लें। जिन ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिन भी योजनाओं में कार्य प्रगतिरत हैं उन्हें शीघ्र अति शीघ्र पूरा कराएं। प्रतिदिन इसकी मॉनिटरिंग करें और हर घर



जल की सुविधा हो इसके प्रबंध सुनिश्चित करें। कलेक्टर भार्गव ने जल जीवन एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में विकासखंड वार किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विकासखंड के अधिकारियों और ठेकेदारों से भी संवाद कर उनके क्षेत्र में कार्यों की क्या प्रगति है और कितने कार्य पूर्ण हो गए हैं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जिन क्षेत्रों में धीमी गति से कार्य चल रहे हैं उन्हें सचेत किया है। कलेक्टर श्री भार्गव ने कहा कि अभी से ऐसे ग्रामीण क्षेत्रों को चिन्हित कर लें जहां पर पेयजल की कमी निर्मित होगी उन क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति कराई जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पेयजल की समस्या जिन क्षेत्रों में होगी वहां के प्राइवेट बोर को भी अधिग्रहित करने का कार्य किया जाएगा। कलेक्टर भार्गव ने स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों समेत अन्य विभागों के अधिकारियों से कहा कि आपसी समन्वय स्थापित कर जल जीवन मिशन तहत क्रियान्वित योजनाओं के कार्यों को पूरा करें।

# अधिकारियों ने भ्रमण कर हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण एनएचए की सीईओ दीप्ति गौड़ मुखर्जी और राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण एसएचए की सीईओ अदिति गर्ग ने जिले की ग्राम पंचायत जोहद के चक्कविलास गांव में भ्रमण कर सहरिया जनजाति समेत अन्य ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना। इस दौरान जिपं सीईओ डॉ योगेश भरसट मौजूद रहे। इसके बाद विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नटेरन की ग्राम पंचायत रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर शासन की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया।

अधिकारियों ने नटेरन के ग्राम रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर के स्टाल पर पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने कार्यक्रम अंतर्गत अन्य विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का भी निरीक्षण किया। एनएचए की सीईओ दीप्ति गौड़ मुखर्जी, एसएचए की सीईओ अदिति गर्ग ने ग्राम पंचायत रायपुर मूडरा पीतांबर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना है।



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2450
उच्चतम भाव-3946
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-2750
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2286
उच्चतम भाव-2374
चना
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-5600
मसूर
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-6020
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2910
उच्चतम भाव-4725
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4170
उच्चतम भाव-4576
सरसों
न्यूनतम भाव-4700
उच्चतम भाव-5300
उड़द
न्यूनतम भाव-5100
उच्चतम भाव-7540
धान
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-4320
तुअर
न्यूनतम भाव-6872
उच्चतम भाव-6872
ज्वार
न्यूनतम भाव-1930
उच्चतम भाव-6520
मक्का
न्यूनतम भाव-1830
उच्चतम भाव-1830
धना
न्यूनतम भाव-6070
उच्चतम भाव-6070
बटरी
न्यूनतम भाव-4880
उच्चतम भाव-5000

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बडी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 19047 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### नवनिर्वाचित विधायक से की मुलाकात



**गंजबासौदा।** मध्य प्रदेश में 16 विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक विजय प्राप्त करने के बाद भांडेर विधानसभा से विधायक बने फूल सिंह बरैया से मध्य प्रदेश अनुसूचित जनजाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष मणि भाई अहिरवार ने उनके भोपाल स्थित निवास पर उनका स्वागत किया। मणी भाई अहिरवार ने प्रदेश में हो रहे दलितों पर अत्याचार को लेकर फूल सिंह बरैया से मांग की कि प्रदेश में हो रहे अत्याचार के खिलाफ प्रदेश में शुरू होने जा रहे उग्र आंदोलन के साक्षी बनें। मणी भाई अहिरवार ने नवनिर्वाचित विधायक फूलसिंह बरैया को गंजबासौदा आने का आमंत्रण भी दिया। इस मौके पर उनके अनेक साथी मौजूद थे।

## इलाके में जंगली सुअर और हिरणों की भरमार...



**गंजबासौदा।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रबी फसलों की वोबनी लगभग हो चुकी है और फसलें अब विकसित हो रही हैं। ऐसे में जंगली सूकर और हिरणों की धमा चौकड़ी से किसानों की फसलें बर्बाद होने लगी हैं। नगर से सेट ग्राम परसोरा के पास रेलवे लाइन किनारे शुक्रवार की शाम जंगली सुअरों का बड़ा झुंड देखने मिला, जो खेतों में रात के समय फसलों को पूरी तरीके से चट कर जाते हैं। **फोटो- राजा छारी**

### प्राणघातक हमले के आरोपियों को मिला 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास

# नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म के आरोपी पिता को शेष जीवन तक कारावास




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नाबालिग पुत्री के साथ बलात्संग करने वाले आरोपी अपचारी पिता को शेष प्राकृत जीवन तक आजीवन कठोर कारावास की सजा एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। साथ ही पीड़िता को प्रतिकर के रूप में 15 लाख रुपए देने का भी आदेश दिया है।

सहायक जिला अभियोजन अधिकारी एसपीओ दिनेश कुमार असैया ने बताया कि फरियादी अभियोक्त्री जो कि साल 2021 में अपने छोटे भाई को साथ लेकर इंदौर चली गई थी और वहां चाइल्ड लाइन वाले उसे जीआरपी इंदौर थाना लेकर आए। तब अभियोक्त्री ने पुलिस अधिकारियों को बताया कि वह गंजबासौदा की रहने वाली है और उसके पिता ने नशे में उसके साथ मारपीट कर जबरदस्ती गलत काम किया था। वह दुखी होकर बिना बताए ट्रेन में बैठकर इंदौर पहुंच गई थी। पीड़िता के बताए अनुसार थाना जीआरपी इंदौर में शून्य पर कायमी कर पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया एवं उससे पूछताछ कर उसके बयान लिए गए थे। तत्पश्चात बासौदा थाना शहर में धारा 376 (2) (एफ ), 176/2(एन )294, 506 भादवि एवं 3/4 ड(एल)6/5(एल)/6 पॉक्सो अधिनियम की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। प्रकरण में अनुसंधान एवं विचारण उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशेष नयायाधीश पाक्सो न्यायालय नीलम मिश्रा के न्यायालय में विचारण उपरांत पीड़िता व साक्षीगणों के कथन कराए गए। गत 22 दिसंबर शुक्रवार को उपलब्ध साक्ष्य तथा एडीपीओ दिनेश असैया के तर्क से सहमत होकर न्यायाधीश नीलम मिश्रा ने अभियुक्त अपचारी पिता निवासी बासौदा को दोषसिद्ध पाते हुए उसे शेष प्राकृत जीवन तक के कठोर आजीवन कारावास की सजा एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया। साथ ही पीड़िता को 15 लाख रूपए की प्रतिकर की राशि भी दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस प्रकरण के शीघ्र निराकरण में आरक्षक रीतेश तिवारी द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया मया।

### हत्या के प्रयास के आरोपियों को 10 वर्ष तथा क्रास प्रकरण में दूसरे पक्ष को 3 माह की सजा

**गंजबासौदा।** हत्या के प्रयास के आरोपितों को न्यायालय ने 10-10 वर्ष का सश्रम करावास दिया है वहीं दूसरे पक्ष पर क्रास प्रकरण में तीन-तीन माह का कारावास और अर्थ दंड की सजा सुनाई है। शासकीय लोक अभियोजक डा अखिलेश लाहौरी ने बताया कि 25 अक्टूबर 2017 को फरियादी शमीम ने बासौदा थाने में शिकायत की थी कि उसे और परिवार को जान से मारने की नियत से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिस पर पुलिस ने आरोपियों पर भाद्वंवि की धारा 294, 307, 323, 324, 325, 506,149 का मामला पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। प्रकरण में शासकीय लोक अभियोजक के तर्क और साक्ष्य के बाद सहमत होते हुए गत दिवस फैसला सुनाते हुए तृतीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डीएस परमार द्वारा आरोपीगण सुरेन्द्र निवासी हरगनाखेड़ी, शिवराज निवासी इमली चौराहा, धर्मेन्द्र सिंह ग्राम मसूदपुर, राजा उर्फ रविन्द्र निवासी इमली चौराहा ,सुरेश उर्फ गनेश निवासी ग्राम राजखेडी, हाल मुकाम उमायश स्कूल वाली गली को धारा 307/149 के अंतर्गत 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2500 रुपये के अर्थदण्ड से एवं अर्थदण्ड के व्यतिक्रम में 06-06 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास तथा धारा 325/149 के अंतर्गत 2-2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रुपये अर्थदंड एवं धारा 323/149 अंतर्गत 3 माह का सश्रम कारावास एवं 500 रुपये के अर्थदण्ड की सजा दी है। मामले के कॉस प्रकरण में शासकीय अधिवक्ता अखिलेश लाहौरी के तर्कों से सहमत होते हुये तृतीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डीएस परमार ने अभियुक्तगण शमीम खां ,आरिफ खां, सोहेल खां निवासीगण ग्राम किरवाया धारा 323 सहपठित धारा 34 (दो-काउंट) में 3-3माह के सश्रम कारावास एवं 1,000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

## नेत्र परीक्षण उपरांत बच्चों को चश्में वितरित किए गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बाल मित्र ग्राम भिलाय में सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर की नेत्र ईकाई ने विगत दिनों छात्र-छात्राओं के नेत्र परीक्षण कर चश्में वितरित किए। स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान एवं माँ शीतला ह्यूमन सोशल डेवलपमेन्ट सोसायटी द्वारा समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकम का संचालन करते हुए हजारीलाल पाटस्कर ने कहा कि सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर मोतियाबिंद के परीक्षण के साथ-साथ ही विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के नेत्र परीक्षण का कार्य भी सुचारू रूप से कर रहा है। जिसे पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को चश्मों की आवश्यकता की पूर्ति सद्गुरु संघ ट्रस्ट द्वारा की जा रही है, जिसकी जितनी सराहना की जाए कम है। वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि छात्र-छात्राएं प्रत्येक वर्ष अपने नेत्रों की जांच कराते रहें। इसका कारण मोबाइल का उपयोग ज्यादा ना करें और पढ़ लिखकर अपने गुरुजनों के बताए हुए मार्ग पर चलकर अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण करें।

इस मौके पर दीपक तिवारी प्रान्तीय संयोजक रक्षा समिति ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से आदिवासी बच्चों को लाभ मिलता है। इस अवसर पर कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के डीसी अब्दुल कादर, अंकित शर्मा, दीपक मिश्रा ने भी आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में होना चाहिए। जिससे छात्र-छात्राओं को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। विद्यालय के प्राचार्य अनिल तिवारी एवं स्कूल स्टाफ ने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

### राज्य स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता में विद्यालय का नाम रोशन किया




**गंजबासौदा।** राज्य स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता में सुभाष निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल की फिजा खान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जो भोपाल के इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय में पुरस्कृत हुई। नगर सुभाष निकेतन की विद्यार्थी फिजा खान ने नगर के साथ, जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन किया। ज्ञात हो कि 19, 20, 21 दिसंबर को भोपाल में आयोजित हुये राष्ट्रीय बाल रंग महोत्सव के अंतर्गत कनिष्ठ वर्ग की संस्कृत निबंध लेखन प्रतियोगिता मे फिजा खान ने मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय व नगर को गौरवान्वित किया है। फिजा ने संस्कृत निबंध में पहले जिला स्तर पर भाग लिया , फिर संभाग पर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं अब प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

## रतलाम के डीपी ज्वेलर्स की दो दिवसीय सेल आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रतलाम के डीपी ज्वेलर्स द्वारा दो दिवसीय एक्सक्लूसिव ज्वेलरी एक्जिबिशन एवं सेल का भव्य शुभारंभ शनिवार को शशि अनिल यादव अध्यक्ष नगर पालिका परिषद द्वारा त्योंदा रोड स्थित होटल योगेश्वरी में किया जा रहा है। अपनी पारदर्शिता एवं शुद्धता के लिए मध्य भारत के लाखों ग्राहकों के बीच भरोसेमंद ज्वेलर्स के रूप में लोकप्रिय डीपी ज्वेलर्स लाए हैं 50000 से अधिक ज्वेलरी डिज़ाइन्स। सुबह 10 से रात्रि 9 बजे तक आयोजित होने वाली इस एक्जिबिशन एवं सेल में गोल्ड, गोल्ड एंटीक, डायमंड, डायमंड पोल्की, जड़ाऊ, सोलिटेयर और सिल्वर ज्वेलरी की लेटेस्ट रेंज के साथ चाँदी की हॉलमार्क्स मूर्तियों एवं बर्तनों की नवीनतम वैरायटी उपलब्ध रहेंगी। यहां आप अपने किसी भी आभूषण की शुद्धता की जाँच कैरेटोमीटर मशीन द्वारा निः शुल्क करवा सकते हैं।

पिछले 83 वर्षों से ग्राहकों को हर शुभ अवसर पर शुद्ध और लेटेस्ट आभूषण देते आ रहे डीपी ज्वेलर्स पर G सर्टिफाइड और HUID व BIS हॉलमार्क ज्वेलरी की विस्तृत रेंज न्यूनतम मेकिंग चार्ज के साथ उपलब्ध है। सोने की शुद्धता (कैरेट) और आभूषण में लगे स्टोन्स, मोती, कुंदन आदि की मार्केट वैल्यू के अनुसार दाम, कस्टमर फ्रेंडलीबाय बैंक पॉलिसी और बेस्ट शॉपिंग अनुभव जैसी विशेषताएँ डीपी ज्वेलर्स को सबसे अलग बनाती हैं। डीपी ज्वेलर्स की स्वर्ण समृद्धि स्कीम एवं डेज़लिंग डायमंड स्कीम द्वारा आप मंथली इन्सटॉलमेंट पर अपनी पसंद की गोल्ड एवं डायमंड ज्वेलरी खरीद सकते हैं। डीपी ज्वेलर्स इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन आईबीजेए के बहुमूल्य बेस्ट प्रोमिसिंग जेम्मा एंड ज्वेलरी कंपनी पुरस्कार से सम्मानित है। साथ ही डीपी ज्वेलर्स बेस्ट ब्राइडल ज्वेलरी, बेस्ट रिंग डिज़ाइन और बेस्ट ब्राइडल डायमंड ज्वेलरी अवार्ड विजेता भी है। डीपी ज्वेलर्स का प्रत्येक आभूषण एथिकल सोर्सिंग, क्वालिटी सर्टिफिकेशन, इन्वेस्टमेंट वैल्यू और मूल्य निर्धारण में पारदर्शिता रखते हुए तैयार किया जाता है और स्टेट ऑफ आर्ट पैकेजिंग के साथ ग्राहकों को प्रदान किया जाता है।

### सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय की टीम रही विजेता




**गंजबासौदा।** गत दिवस लटेरी में आयोजित जिला स्तरीय खो खो महिला प्रतियोगिता में सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता में जिले से पांच दलों ने सहभागिता की जिसमें सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय की खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा और उन्होंने एसजी एस कॉलेज गंजबासौदा को हराकर विजेता का स्थान प्राप्त किया। दल की कप्तान पलक राजपूत सहित नंदनी यादव, दुर्गेश कुशवाह, शिवानी कुशवाह, संजना मालवीय, सुहानी कुशवाह, सेजल रघुवंशी, वैशाली कुशवाह, शिवानी अहिरवार, राजनंदिनी राजपूत, काजल एवं सिम्मी चौकसे ने खेल भावना से उत्साह पूर्ण प्रदर्शन किया। सुभद्रा शर्मा महाविद्यालय गंज बासौदा की यह एक तरफा जीत रही और अत्यंत उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ लगातार तीसरी बार जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता रही। महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष प्रीति रानी श्रीवास्तव ने छात्राओं सहित सभी को शुभकामनाएं दीं। क्रीड़ा अधिकारी डॉ प्रज्ञा करंदीकर के मार्गदर्शन में उन्होंने यह जीत हासिल की एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सोहन कुमार यादव द्वारा विद्यार्थियों को आशीर्वचन एवं बधाइयां दी गईं। साथ ही महाविद्यालय परिवार के समस्त स्टाफ एवं सदस्यों ने भी टीम को बधाई दी।

### साहित्यकार संघ ने दी दिवंगत रचनाकारों को श्रद्धांजलि

## गमजदा आमों खास है दद्दा जी, सारी महफिल उदास है दद्दाजी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

साहित्यकार संघ बासौदा के तत्वावधान में बद्रीप्रसाद नेमा भारतीय दद्दाजी एवं गीतकार कृष्ण बक्शी की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन बाबूलाल चाचा साहित्यकार भवन में किया गया। नगर के सृजनशील रचनाकारों ने बहुमुखी प्रतिभा के धनी दद्दाजी एवं बक्शी के साथ की गई साहित्यिक यात्रा के अनुभव साझा किये। इस गरिमामय आयोजन की अध्यक्षता वरिष्ठ रचनाकार जयनारायण मेहता ने की संचालन चन्द्रकुमार तारण संपादक सृजन परिदृश्य व्दारा किया गया। इस अवसर पर शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मणि मोहन मेहता ने दद्दाजी एवं बक्शी को गंजबासौदा के साहित्य जगत का सिरमौर बताते हुये कहा कि वे जीवन की विसंगतियों को शब्दों में उकेरने वाले साहित्य शिल्पी थे। शायर फहीम बासोदवी ने अपनी दिलकश आवाज में कहा गमजदा आमों-खास है दद्दा, सारी महफिल उदास है दद्दा, जाने क्यों मुझको लगता है तुम कहीं आस-पास हो दद्दा, चन्द्रकुमार तारण ने कहा कि दद्दाजी हमारे दिलों में कबीर बन के जिन्दा है। बक्शी हमारे दिलों में मजलूमों का दर्द बन के जिन्दा हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ रचना कार ओम प्रकाश श्रीवास्तव, प्रो. ऋृषभ कुमार जैन, जयकुमार शीतल, राकेश जैन विद्युत, डॉ. अजयदयाल भटनागर, ज्ञानचन्द अज्ञान, सुनील बाबू पिंगले, दीपक तिवारी, आशीष दुबे, भरत सराठे, प्रो. एसएन गौर, डॉ. रज्जनलाल सिंघई, ओपी प्रजापति, रविन्द्र जैन, एडवोकेट राजेश भावसार, नीलेश चतुर्वेदी ने अपने अपने विचार साझा किए।

### स्वयं सेवकों को दी सनातन धर्म की जानकारियां




**गंजबासौदा।** तारण तरण जैन हाई सेकेंडरी स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसके बौद्धिक सत्र में वेदांत आश्रम के संत हरिहर दास द्वारा स्वयंसेवकों को सनातन धर्म को अग्रणी रखते हुए स्वयंसेवकों को जानकारी दी गई। इस दौरान अनेक रासयो सदस्य मौजूद थे।

## डीजे संचालकों ने प्रतिबंध हटाने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को त्योंदा क्षेत्र के डीजे संचालकों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम प्रशासनिक अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शपथ लेने के बाद डीजे एवं लाऊड स्पीकर पर निर्देश जारी किए हैं। इनमें सुधार कर डीजे में दो बॉक्स की जगह 6 बॉक्स की अनुमति दी जाए। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि मुख्यमंत्री के द्वारा जो निर्णय लिया गया है वो डीजे संचालकों पर विपरीत प्रभाव डाल रहा है। जिससे सभी डीजे संचालक बेरोजगार होन की स्थिति में आ रहे हैं। जिससे डीजे वालों को परिवार चलाने में मुश्किल हो रही है, डीजे वालों ने बैंक से लोन लेकर डीजे का व्यवसाय शुरू किया है। उसकी किश्ते किस प्रकार भरेंगे। डीजे वालों के साथ जो मजदूर वर्ग के लोग काम करते उन्हें भी रोजगार की दिक्कत हो रही है। जो 2 बॉक्स के निर्देश दिये गये हैं उससे कोई भी पार्टी डीजे शादी के लिये न तो बुक कर रही और न ही आर्डर मिल रहा है। जिसका कारण डीजे में कम बॉक्स होना है। जिसे बढ़ाकर 6 बॉक्स किया जाये। जो आदेश दिए हैं वह हम सभी डीजे वालों को स्वीकार नहीं है। ज्ञापन में कहा गया है कि मुख्यमंत्री इसे बढ़ाकर 6 बॉक्सो का निर्देश दें। जिससे डीजे वालों का धंधा चल सके एवं कार्य करने वाले भी रोजगार से लग सकें, अगर ऐसा नहीं किया तो समस्त डीजे वाले धरना प्रदर्शन करेंगे जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

### फूलसिंह रघुवंशी का निधन

**गंज बासौदा।** महाराजसिंह, प्रहलाद सिंह के पिता, भूरे सिंह, तरखतसिंह, भारतसिंह, रघुवीरसिंह वीरसिंह, रामसिंह, शोभाराम के चाचा एवं नीरज, रवि रघुवंशी के दादाजी फूलसिंह रघुवंशी ग्राम तमोस वालो का स्वर्गवास हो गया। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास स्थान - पिपलेश्वर मंदिर के पास, बेहलोट बायपास से शनिवार को सुबह 10 बजे पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकाली जावेगी।

### ग्रामवासियों ने सौंपा ज्ञापन

**गंजबासौदा।** शुक्रवार को ग्राम बेहलोट से काली पठार क्षेत्र के रहवासियों ने एसडीएम विजय राय को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि मॉडल पब्लिक स्कूल वाली गली में भारी वाहनों की आवाजाही से यहां के रहवासियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अनेक छोटे बच्चे वाहनों की चपेट में आकर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। रहवासियों ने बताया कि स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और मॉडल पब्लिक हाई सेकेण्डरी स्कूल की छुट्टी होने के पश्चात स्कूली विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर ज्ञापन सौंपने वालों में बेहलौट, काली पठार क्षेत्र के अनेक रहवासी शामिल थे।

### फिल्म में वरिष्ठ अभिनेता संजय मेहता पिता व वरिष्ठ रंगकर्मी दीपक सोनी निभा रहे बेटा घनश्याम का किरदार

# अमेजन प्राइम पर पूरे विश्व में 600 देशों व 10 भाषाओं में रिलीज हुई फिल्म ड्राई-डे


**फिल्म ड्राई-डे रिलीज होने के बाद सिरोंजवासियों में देखी गई अपार खुशी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

शुक्रवार को अमेजन प्राइम पर विश्व में 600 देशों की 10 भाषाओं में फिल्म ड्राई डे रिलीज हुई। वही इस फिल्म में सिरोंज की दो महान हस्तियां अहम किरदार के रूप में देखी गई। फिल्म में पिता का रोल सिरोंज के मंहत संजय मेहता जो कि वरिष्ठ रंगकर्मी, अभिनेता, रंग निर्देशक है। वही दूसरी और सिरोंज के ही युवा रंगकर्मी दीपक सोनी एक बेटे का अहम किदार निभाते नजर आए। जैसे ही शहरवासियों को मालुम पड़ा कि फिल्म ड्राई-डे रिलीज हो गई हैं। वैसे ही सिरोंजवासियों ने अपने अमेजन प्राइम पर पहुचकर मोबाइल व टीवी पर फिल्म में अपने चहिते कलाकारो को देखते हुए अति उत्साहित नजर आए। साथ ही सोषल मीडिया पर दोनो हस्तियों को बधाई देने का तांता लगा रहा।

## आखिर क्या है फिल्म में




प्राइम वीडियों ने अमेजन ऑरिजनल फिल्म ड्राई डे के ट्रैलर का अनावरण होने के बाद यह एक सस्कत भावनात्मक कहानी है जो नशे की लत प्यार व एक व्यक्ति द्वारा अपने परिवार के लिए किए गए त्याग की जटिलताओ को उजागर करती है। सौरभ शुक्ला द्वारा निर्देषित इस कॉमेडी ड्रामा में जितेन्द्र कुमार,श्रिया पिलगांवकर व अन्नू कपूर,पं संजय मेहता,दीपक सोनी प्रमुख भूमिकाओं में है। ड्राई डे मूवी अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है, रिलीज डेट, कास्ट, प्लॉट और बहुत कुछ जानें डिजिटल मनोरंजन की लगातार बढ़ती दुनिया में, अमेज़ॅन प्राइम वीडियो अपने मूल कंटेंट की विविध रेंज के साथ दर्शकों को आकर्षित करना जारी रखता है। इसके प्रभावशाली लाइनअप में नवीनतम जुड़ाव प्रतिभाशाली सौरभ शुक्ला द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित फिल्म ड्राई-डे है। वैश्विक प्रीमियर के लिए निर्धारित, यह अमेज़ॅन ओरिजिनल कॉमेडी, ड्रामा और सामाजिक व्यंग्य का एक अनूठा मिश्रण होने का वादा करता है।

## फिल्म में अहम किरदार निभाने वाले संजय मेहता कौन

*सिरोंज के वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य पंडित गोविंद राम शास्त्री के परिवार से पंडित संजय मेहता का जुडाव अभी भी सतत सिरोंज से बना हुआ है। इनका परिवार अभी भी सिरोंज शहर में पं संजय मेहता द्वारा सिरोंज से लगभग 5 किमी दूर सिद्ध आश्रम आमाढाना के नाम से जाना जाता है। वही प्रत्येक गुरूवार को सिद्ध आश्रम के महंत पंडित संजय मेहता सिद्ध बाबा का दरबार लगाया जाता है। इस दरबार में सिरोंज सहित आस-पास के क्षेत्र भोपाल, गुना, बासौदा, अशोकनगर, आरोन, विदिशा, बीना, खुरई सहित अन्य जगहों से श्रद्धालु आते है और मंहत पं संजय मेहता श्रद्धालुओं की समस्याओं को सुनते है। उक्त आश्रम में भगवान शंकर व दुर्गा मां का मंदिर सहित अनेको छोटे छोटे मंदिर आश्रम परिसर में बने है। इस प्राकृतिक व रमणीय स्थान पर श्रद्धालुओ आकर पूजा-अर्चना के बाद भोजन प्रसादी ग्रहण करते है। सिरोंज का यह स्थान दिन प्रति दिन अपनी ख्याती प्राप्त कर रहा है।*

## वरिष्ठ रंगकर्मी दीपक सोनी कौन

*सिरोंज की माटी के सपूत दीपक सोनी युवा रंगकर्मी हिन्दी संस्कृत रंगमंच के होनहार हीरो है। बचपन से ही कला और संस्कृति के क्षेत्र में रूचि रखने वाले एक्टर व कला निर्देशक सोनी ने राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान भोपाल से शास्त्री और प्रयाग संगीत समिति , प्रयागराज, उत्तर प्रदेश से तबला वादन में स्नातक किया। लगभग 18 वर्ष से हिन्दी संस्कृत रंगमंच के क्षेत्र में अपना अभिनय कर चुके है साथ ही मंच निर्माण,मंच उपकरण,रूप सज्जा, वस्त्रविन्यास, संगीत,निर्देशन सहनिर्देशन, कलात्मक शिल्प शिक्षण के कार्य का अनुभव रखते है। सोनी अभी तक 200 से भी अधिक नाटकों में अभिनय के साथ आर्ट डायरेक्शन कर चुके है। वही देश के कई वरिष्ठ निर्देशकों कला निर्देशकों के साथ काम करना का अनुभव है और यह भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ और मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल में अतिथि कला शिक्षक व निर्देशक आर्ट एंव ग्राफ टीचर इन एक्टिंग स्कूल के रूप में कार्यरत है और शासकीय और अशासकीय सांस्कृतिक महोत्सवों में देश के विभिन्न अंचलों में अपनी कला का निर्देशक कर चुके है। दीपक सोनी विगत वर्षों में लगभग 200 से भी अधिक नाटकों में अभिनय तथा कलात्मक शिल्प शिक्षण कार्य का अनुभव रखते है। साथ ही 300 से अधिक तरीके की पगड़ी बाधंने की कला सोनी के अंदर है। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली, बाल संगम, नई दिल्ली,संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली,मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल भारतेंदु नाट्य अकादमी, कला और शिल्प शिक्षण सत्र, राजा मानसिंह तोमर संगीत और कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर, मध्य प्रदेश लोकरंग समारोह, भोपाल, भोजपुर महोत्सव, केरल प्रदेश तिरुवनंतपुरम, और अन्य नाट्य शिक्षण संस्थानों में कला और शिल्प शिक्षण कार्यशालाएं में हिस्सा ले चुके है।*

## मनाली में की गई फिल्म की शूटिंग

*वरिष्ठ रंगकर्मी संजय मेहता ने बताया कि फिल्म ओमेर्वा में हंसल मेहता इसके पहले ही शाहिद से चर्चा बटोर चुके है। उन्हें इस फिल्म के लिए 2013 में बेस्ट डायरेक्टर का नेशनल अवार्ड मिल चुका है। उनकी अन्य फिल्मों में सिटी लाइट,अलीगढ और सिमरन शामिल है। ओमेर्ता पाकिस्तान के इंग्लैड बेस नागरिक उमर शेख पर केंद्रित है। यह फिल्म मुख्य रूप से यह बताती है कि पाकिस्तान और आईएसआई का नेक्सस किस तरह आतंकवाद को पोषित करता है और पाकिस्तान नागरिकों सहित विदेशों में रह रहें पाकिस्तानियों का कैसे इस्तेमाल करता है। इस फिल्म की अधिकांश शूटिंग मनाली में हुई और जहां अफगानिस्तान के आंतकवादियों के अड्डे व पाकिस्तान के कुछ हिस्सों का सेट लगाया गया था। साथ ही इस फिल्म की कुछ शूटिंग मुंबई में भी की गई।*

## बच्चों को किताबें व गरीबों को कंबल वितरण कर मनाया जन्मदिन



**सिरोंज।** ग्राम पंचायत अनुपपुर की एक षिक्षिका ने अपनी बेटी लीना कबीर पंथी का जन्मदिन बडें अनोखे तरीके से मनाया। षिक्षिका ने कई बस्तियों में पहुचकर बच्चो को एक जगह एकत्रित कर सभी बच्चों को खेल खिलौने सहित पढाई के लिए किताबें, रजिस्टर,पेन, पैंसिल सहित अन्य पढाई की सामग्री वितरित की तो वही लीना पंथी के पिता प्रमोद कबीर पंथी ने शाम के समय नगर सहित आस-पास की गरीब बस्तियों में पहुचकर गरीबों व बेसहारा लोगों को गर्म कपड़े, कंबल आदि का वितरण कर अपनी बेटी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया।

## शंकरदत्त चतुर्वेदी स्मृति वार्षिक व्याख्यान माला 24 को

**सागर।** नगर के शिक्षा जगत में अपनी विद्वत्ता, कर्तव्य परायणता एवं साहित्य अनुरागी के रूप में ख्यात रहे पंडित मोतीलाल नेहरू उच्चतर माध्यमिक शाला सागर के पूर्व प्राचार्य स्व. पंडित शंकर दत्त चतुर्वेदी की स्मृति में श्यामलम द्वारा श्री सरस्वती वाचनालय सागर में 24 दिसंबर को ग्यारहवां वार्षिक आयोजन किया जाएगा।

## भारतीय किसान संघ ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**गौरझामर।** भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत जिला सागर मध्य प्रदेश ने केसली में तहसीलदार को ज्ञापन देते हुए कहा की केंद्र सरकार व राज्य सरकार की घोषणाओं के अनुसार धान खरीदी की उचित मूल्य 3100 निर्धारित की गई थी लेकिन खरीदी अभी 2100 मैं की जा रही है। बारिश से मसूर की फसल नष्ट हो गई है। जांच कर उचित मुआवजा दिया जाए गौरझामर एवं केसली की मंडी विगत 10 वर्षों से बंद पड़ी है यहां पर किसान की फसलों का उचित दाम नहीं मिल पाने से किसान परेशान है। व्यापारी अपने घरों पर मनमानी रेट पर किसान का अनाज खरीद रहे हैं तथा 500 ग्राम से 1 किलो तक कटी काट रहे हैं । किसान संघ कहा कि आगर मंडी में किसान का अनाज नहीं खरीदा जा रहा है तो यहां पर गौशाला बनवा दी जाएं।

# तेज गति, बिना हेलमेट व मोबाइल पर बात करते वाहन चलाने वालों पर की चालानी कार्रवाई

### यातायात प्रभारी बोले-नियमों का स्वयं भी पालन करें और अन्य को भी जागरूक करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

**वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमो का पालन कराने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने कमर कस ली है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा प्रतिदिनि नगर के मुख्य चौक-चौराहो पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।**

वही पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा दिए गए निर्देश के पालन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर यादव एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस उमेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में गुरूवार को यातायात प्रभारी सूबेदार रितेश वाघेला सहित संयुक्त यातायात टीम द्वारा इंटरसेप्टर वाहन द्वारा तेज गति से चलने वाले वाहनों पर सिरोंज एवं लटेरी रोड पर कार्रवाई की गई। उक्त कार्यवाही के दौरान मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 16 वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही करते हुए 9900 रूपये का समन शुल्क वसूल किया गया।

कार्रवाई के दौरान मुख्य रूप से तेज गति से वाहन चलाने वाले चालको, नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाना, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी बैठाना, बिना हेलमेट, बिना रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट वाले वाहन एवं बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाने वाले चालको पर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर हिदायत दी गई की यातायात नियमों का स्वयं भी पालन करें और अन्य परिचित को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करे। साथ ही संदिग्ध वाहनों को अकच पोर्टल के माध्यम से चैक किया गया।



### सूबेदार बोले- हेलमेट लगाओ, जीवन अनमोल है

गौरतलब है कि गुरूवार को चैकिंग दौरान पुलिस ने सिरोंज लटेरी रोड से गुजरने वाले उन बाइक सवारों को रोका, जो कि हेलमेट पहनकर नहीं जा रहे थे। इन सभी के खिलाफ चालानी कार्रवाई हुई। पुलिस ने कुल 16 लोगों के चालान बनाए हैं। कार्रवाई के दौरान कुछ लोग अपने घर से भी हेलमेट उठा लाए, लेकिन पुलिस ने इनकी नहीं सुनी। यातायात प्रभारी रितेश वाघेला ने इस तरह के लोगों को फटकार लगाई और कहा कि जिंदगी अनमोल हैं। अगर आज हम आपको छोड़ दें, लेकिन आगे चलकर कोई अनहोनी हो जाए, तो उस स्थिति में कौन जिम्मेदार होगा। वाहनों को चलते समय हमेशा हेलमेट का पालन करें। क्योंकि दुर्घटना होते समय हेलमेट रक्षा कवच के रूप में हमारी रक्षा करता है। साथ ही बिना लाइसेंस के बाइकों पर सवारी नहीं करनी चाहिए। ट्रैफिक के नियमों का पालन करने से लोग काफी हद तक दुर्घटनाओं से बच सकते हैं। इसलिए पूरे मानकों के साथ वाहनों की सवारी करना चाहिए। वहीं कार्रवाई के दौरान कई वाहन चालक बचने के लिए अलग-अलग पैंतरे अपनाते हुए दिखाई दिए।

**विधायक प्रदीप लारिया ने किया मकरोनिया स्थित स्टेडियम का निरीक्षण**

**सागर।** नरयावली विधायक इंजी. प्रदीप लारिया ने आज मकरोनिया के गंभीरिया स्थित खेल स्टेडियम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लारिया ने अधिकारियों को शीघ्र ही स्टेडियम का निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि चूंकि जनवरी माह में खेल महोत्सव का आयोजन इसी स्टेडियम में होगा। इसलिए जो भी कार्य बकया रह गए है।

# पत्रकार दिनेश साहू बने जिला प्रेस क्लब के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई



नगर के पत्रकारों द्वारा सर्व सम्मति से जिला प्रेस क्लब विदिशा के लिए प्रतिनिधि के रूप में पत्रकार दिनेश साहू का मनोनयन किया है।

नगर के मीडिया हाउस में आयोजित हुई बैठक में नगर के प्रमुख पत्रकारों में सर्व सम्मति से विदिशा जिला प्रेस क्लब के लिए नगर से प्रतिनिधि के रूप में पत्रकार दिनेश साहू के नाम पर सहमति व्यक्त करते हुए चयन किया गया। बैठक में नगर के प्रेस क्लब के लिए अन्य प्रतिनिधियों के चयन के लिए आगामी दिन में जिले से प्रतिनिधि की उपस्थिति में प्रेस क्लब का गठन किए जाने पर सहमति व्यक्ति गई। नगर का प्रेस क्लब जिले के प्रेस क्लब के सहयोग से पत्रकारों की हितों की रक्षा करने के लिए आगे अपने दायित्वों का निर्वाह करता रहे इसी उद्देश्य से क्लब की बैठक बुलाकर नवीन संगठन बनाया जाएगा।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के ईसीसीई तृतीय चरण का प्रशिक्षण प्रारंभ

**सागर।** अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा सागर जिले के अंतर्गत परियोजना सागर ग्रामीण-02 की कार्यकर्ताओं का ईसीसीई प्रशिक्षण का आयोजन अजीम प्रेमजी फाउंडेशन पदमाकर स्कूल, नमक मंडी एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन अशोक बिहार कॉलोनी, बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के पास तिली में किया जा रहा है। जिसका प्रथम एवं द्वितीय चरण सम्पन्न किया जा चुका है।

# समर्थन मूल्य पर खरीदी के बरेली क्षेत्र में तीन, खरगोन में बना एक केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

लंबे समय से क्षेत्र के किसान समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू होने का इंतजार कर रहे थे।

दिसम्बर माह समाप्त होने वाला है अभी तक बनाए गए खरीदी केन्द्रों पर धान की खरीद तौल प्रारंभ नहीं हुई है। जिससे किसानों में असंतोष का माहौल बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार बरेली क्षेत्र में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के 3 केन्द्र बनाए गए है। कामतौन, घाट पिपरिया एवं बगलवाडा सहकारी संस्थाओं के द्वारा वेयर हाउसों पर केन्द्र तो बनाए गए है, परंतु अभी तक खरीद तौल प्रारंभ नहीं हुई है। खरगौन क्षेत्र में सहकारी संस्था छुछाहर द्वारा समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जाना है।

मिली जानकारी के अनुसार वारदाने उपलब्ध न होने से खरीद तौल प्रभावित हो रही है। बाड़ी, बरेली, खरगौन क्षेत्र के गांव-गांव में हजारों किसानों द्वारा मुख्य रूप से बासमती धान की खेती की जाती है। बासमती धान को कोई समर्थन मूल्य नहीं होता। भाव व्यापारियों एवं कंपनियों के द्वारा नीलामी में निर्धारित किए जाते है। मोटे किस्म की धान कम संख्या में किसानों द्वारा पैदा की जाती है। ऐसी धान की खेती कर किसान उसे समर्थन मूल्य पर ही बेचना पसंद करते है। इस वर्ष बारिश, चुनाव के कारण धान की कटाई थ्रेसिंग में बाधा बनी रही। पानी में भीगी बासमती धान के भाव कम और पूछ परख भी नहीं हो रही है। गैर बासमती धान की समर्थन मूल्य पर खरीद तौल होने का किसानों को बेसब्री से इंतजार बना हुआ है।

# रामलीला मैदान से निकलेगी खाटू श्याम की निशान यात्रा

### दशहरा मैदान में आज होगी श्याम भजन संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक श्याम खाटू श्याम के नाम भजन संध्या का दशहरा मैदान में आज शनिवार की रात्रि में आयोजन होगा जिसकी खाटू श्याम जी के भक्तों द्वारा व्यापक तैयारियां की गई है। श्याम भजन संध्या से पूर्व दोपहर में निशान यात्रा रामलीला मैदान से प्रारंी होगी, शक्तिधाम, माता मंदिर एवं नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण कर भजन संध्या स्थल दशहरा मैदान पहुंचेगी।

### विशेष आयोजन

श्याम भजन संध्या के अवसर पर श्याम खाटू जी का दिव्य अलौकिक श्रृंगार के साथ दरबार सजाया जाएगा। छप्पन भोग, अखण्ड ज्योति के साथ इत्र की वर्षा के विशेष कार्यक्रमों की श्याम परिवार की ओर से विशेष तैयारियां की गई है।

### खाटू श्याम भजन संध्या

दशहरा हॉकी मैदान पर रात्रि में खाटू श्याम के यशगाान की भजन



संध्या रखी गई है। जिसमें शुभम राणा इंदौर, भावना पवार, सुजालपुर, तिवारी बहन भोपाल के द्वारा श्यामजी के भजनों की शानदार संगीतमयी प्रस्तुतियां लखदातार म्यूजिकल ग्रुप मक्सी के साथ दी जाएगी। यह दूसरा वर्ष है, जब खाटू श्याम जी यात्रा का बरेली आगमन, उनका दरबार सजाने के साथ श्याम भजन संध्या का भव्य कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम के प्रति खाटू श्याम जी के शिष्यों में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# सन 2023 को विदा देती हुई प्रेरणा मंच की गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा


मंच की गोष्ठी माया सिंह के सौजन्य से आयोजित की गई। इस गोष्ठी में कविताएं, संस्मरणों के साथ ही प्रेरक-प्रसंग भी सुनाए गए।

डॉ. राज सक्सेना की 'झंझावातों में चुप रहकर' डॉ. रीता शर्मा की आपकी प्रेरणा और नवनीता पांडेय की 'लिखते थे चुपचाप हमेशा' कविता डॉ. कमल चतुर्वेदी को उनके जन्म-दिन पर समर्पित की गईं। कुमारी आयुषी सिंह ने भी उनकी कविता 'मुझे तो मिल गई पूरी नौका' कमल



मैडम को पढ़कर प्रदान की। कुसुम तोमर का 'दादी का आंगन', डॉ. रेखा श्रीवास्तव का 'आवश्यकता जो पूरी न हो सकी' , ज्योति जाधव का 'गरीब को कोई उधार नहीं देता' रेखा वर्मा का मित्र-धर्म' संतोष नामदेव का 'मेरी प्रेरणा' और श्रीमति ऋतु देवलिया का 'मेरा सबसे प्यारा भाई' संस्मरण बेहद ही मार्मिक और प्रभावशाली रहे। सुमन मंडोरिया मैडम का 'परिणाम बदल जाएंगे' गीत प्रेरक रहा । प्रदीप जैन 'पारस' ने 'बार बार दिन ये आए, खुश रहो हर खुशी है तुम्हारे लिए और 'एक प्यार का नगमा है' गीत सुनाकर गोष्ठी को सरस बना दिया। माया सिंह ने सभी को धन्यवाद देते हुए अपना रोचक संस्मरण सुनाया। सुजीत देवलिया ने 'कितना अच्छा था बचपन' सुनाकर सभी को बचपन की भोली-भाली दुनिया में पहुंचा दिया।

## रिटायर्ड फार्म मैनेजर गुरमुख सिंह जाट का निधन



**कुरवाई।** पूर्व कृषि फार्म मैनेजर कुरवाई तथा सेवा निवृत सहायक संचालक कृषि, समाजसेवी गुरमुख सिंह जाट का भोपाल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके द्वारा कुरवाई क्षेत्र के किसानों को सोयाबीन की फसल उगाने के लिए पहली वार प्रेरित किया गया था। उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास सिरोंज रोड स्थित जाट हाउस से निकल गई। जिसमें नगर के विभिन्न सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि, विभिन्न राजनीतिक दल के जनप्रतिनिधि, नगर के गण नागरिक आदि शामिल रहे। उनका अंतिम संस्कार कुरवाई के पुराने मुक्तिधाम में किया गया।

# कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की छात्रा साक्षी धाकड़ राष्ट्रीय रिले दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेने महाराष्ट्र रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की छात्रा साक्षी धाकड़ राष्ट्रीय रिले दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेने महाराष्ट्र रवाना हुए। छात्रावास अधीक्षिका मधु तिवारी व छात्राओ ने साक्षी को तिलक लगाकर फूलमाला पहनाकर किया स्वागत।

कक्षा 12 की छात्रा साक्षी धाकड़ ने बताया कि मैं चार बहन व एक भाई में सबसे छोटी हूं मेरे पिता स्व.देवी सिंह धाकड़ के निधन के बाद मुझे पढ़ाई में परेशानी आई लेकिन मैं हॉस्टल में रहकर पढ़ाई के साथ खेलों में रुचि थी हॉस्टल अधीक्षका मधु तिवारी के मार्ग दर्शन



में स्पोर्ट्स शिक्षक राहुल जौनपुरी के द्वारा मुझे समय समय पर मैने दौड़ प्रतियोगिताओ में भाग लिया ब्लाक, जिला, संभाग, राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के बाद मेरा राष्ट्रीय रिले दौड़ में चयन हुआ है। कोच मैनेजर रागिनी रत्नाकर के साथ साक्षी धाकड़ चंद्रपुर महाराष्ट्र में 26 दिसंबर से 30 दिसंबर तक राष्ट्रीय रिले प्रतियोगिता में भाग लेगी।

## नपं ने विभिन्न स्थानों पर की अलाव की व्यवस्था

**बरेली।** संपूर्ण नर्मदांचल और नगर शीत के भारी प्रकोप से थर-थर कांप रहा है। शीत के भारी प्रकोप से राहत के लिए नपं. ने प्रयास प्रारंभ किए। नगर के विभिन्न सार्वजनिक भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू कर देने से गरीब मजदूर वर्ग के लोग राहत महसूस करने लगे है। विगत अनेक वर्षो से नगर के विभिन्न स्थानों पर शीत के प्रकोप में अलाव की व्यवस्था नपं. द्वारा की जाती रही है। नपं. अध्यक्ष हेमन्त चौधरी, सीएमओ हरिशंकर वर्मा की पहल पर नगर के सार्वजनिक भीड भाड वाले स्थानों पर जलाऊ लकडी की व्यवस्था करने से अब सुबह-शाम रात्रि में शीत से बचने अलाव जलने लगे है। अलाव की व्यवस्था शुरू होने से गरीब, मजदूर वर्ग के लोग हाथ पाव शरीर को गर्म करने का प्रयास करते नजर आने लगे है।

# दिव्यांग बच्चों को वितरित किए उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नटेरन

समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत आज जनपद शिक्षा केंद्र में नटेरन में शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को विभिन्न प्रकार के उपकरण वितरण का कार्यक्रम किया गया । जिसमें बच्चों को कान की मशीन, व्हील चेयर,रोलेटर,सी.पी. व्हील चेयर, ट्रायसिकल,ब्रेलकिट आदी सामग्री वितरित की गई। एलिम्को से आए डाक्टर नीलेश कुमार , डाक्टर विशाल सैनी आडियोलाजिस्ट ने उपकरणों की जांच कर पालकों और बच्चों को विस्तृत जानकारी दी, बताया कि उपकरणों का उपयोग कैसे करना है। कार्यक्रम मुख्य अतिथि जनपद पंचायत नटेरन के उपाध्यक्ष नीलेश धाकड़ ने शासन के द्वारा दिव्यांगो के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बिषय में बताया। विशेष अतिथि अंशुल तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चे भी प्रतिभाशाली होते उन्हें भी समाज की मुख्य धारा में लाने के ऐसे प्रयासो को होते रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन साक्षरता सहसमन्व्यक ईश्वर शर्मा ने



किया। एमआरसी सुमित तिवारी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जयप्रकाश शर्मा, रामभरोसे मोंगिया, प्रेम कुमार गोयल, संतोष पंथी, निरंजन रघुवंशी, अशोक नागले, तरंग पराशर, लीना पाल, फूल सिंह मीणा, श्यामसुंदर जाटव, गोविंद सिंह मौजूद रहे।

## श्री मद्भभागवतगीता जयंती महोत्सव का आयोजन आज

**विदिशा।** मोक्षदा एकादशी के अवसर पर संस्कृत भारती इकाई विदिशा एवं सत्संग मंडल विदिशा के तत्वाधान में श्री मद्भभागवतगीता जयंती के अवसर पर उत्सव का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम नव निर्वाचित विधायक मुकेश टंडन की अध्यक्षता एवं नगर के वैदिकविद्वान श्रीराम लोकरे शास्त्री के मुख्य आतिथ्य तथा नगर के विद्वान श्री विष्णु शास्त्री डां परमानंद मिश्र के सानिध्य में आज शनिवार को शाम 4 बजे से श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर नंदवाना में रखा गया है। उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने का निवेदन मंदिर के पुजारी पं बृजमोहन जी मुखिया एवं संस्कृत भारती विदिशा करती है।

खबर संक्षेप

## अपहरण के आरोपी को आजीवन कारावास



**सिलवानी।** 5 साल की बालिका का अपहरण कर फिरौती मांगने के आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया। बैरागढ़ थाना क्षेत्र से 5 साल की बालिका का अपहरण कर फिरौती मांगने के आरोपी राहुल मेहरा को तत्कालीन थाना प्रभारी डीपी सिंह ने पलिस दल के साथ धेराबंदी कर तत्काल ही आरोपी को गिरफ्तार किया तथा मामले की निष्पक्ष विवेचना कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया। 14वे अपर सत्र न्यायाधीश तृप्ती पाण्डेय ने आरोपी राहुल मेहरा को धारा 364 ए भादवि में दोष सिद्ध पाते हुये आजीवन कारावास एवं 25 हजार रू के अर्थदण्ड से दण्डित किया। ज्ञात रहे कि बैरागढ़ थाने के थाना प्रभारी डीपी सिंह वर्तमान में सिलवानी थाने में पदस्थ है।

## सांसद निलंबन के विरोध में कांग्रेस ने दिया धरना

**रायसेन।** शुक्रवार को शहर के महामाया चौक पर कांग्रेस ने 146 सांसदों के निलंबन के विरोध में धरना दिया। दोनों सदनों से 146 सांसदों के निलंबन के विरोध में कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुमताज खान के नेतृत्व में गांधी प्रतिमा के पास कांग्रेसी बैठे। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुमताज खान ने बताया कि शुक्रवार को कांग्रेस समेत अन्य संगठनों द्वारा भारतभर में केंद्र सरकार के खिलाफ धरना दिया गया। मध्य प्रदेश में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के निर्देशन में सभी जिला मुख्यालय पर भाजपा सरकार के खिलाफ धरना दिया है।

## भीतरघात करने वालों पर भाजपा करेगी कार्रवाई

**रायसेन।** शुक्रवार को भोपाल रोड स्थित जिला भाजपा कार्यालय में सांची विधानसभा क्षेत्र की अनुशासन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें समिति के सभी पदाधिकारीयो ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया कि सांची विधानसभा क्षेत्र 142 अनुशासन समिति विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी डॉ प्रभुराम चौधरी के खिलाफ काम करने वाले भीतरघातियों पर कार्रवाई करने विचार विमर्श किया गया कि चुनाव के दौरान जिन लोगों ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहकर पार्टी के प्रत्याशी के खिलाफ काम किया है उनके ऊपर पार्टी एक्शन ले।

'लोकसभा' चुनाव-24

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण अंतर्गत 6 जनवरी को होगा मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन

## जिन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक है, वहां पर बनाएं जाएंगे सहायक मतदान केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश ने 6 जनवरी 2024 को प्रकाशित होने वाली फोटो निर्वाचक नामावली के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में गत दिवस निर्वाचन सदन भोपाल में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। इसमें सभी जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान श्री राजन ने कहा कि 6 जनवरी को फोटो निर्वाचक नामावली के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा, ऐसे में सभी जिले लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें। मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टि एवं मृत मतदाताओं के नाम न हो। जिन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक है, वहां सहायक मतदान केंद्र बनाने का प्रस्ताव भेजें।

इसके साथ ही जहां पर मतदान भवन जीर्णशीर्ण है, उनकी जगह पर दूसरा मतदान केंद्र बनाए जाने का भी प्रस्ताव उपलब्ध कराए। स्टैंडिंग कमेटी को भी इसकी जानकारी दें। श्री राजन ने कहा कि सभी जिलों में कुछ ऐसे मतदान केंद्र भी होंगे जिनकी दूरी दो किमी से अधिक है, उसका भी प्रस्ताव उपलब्ध कराएं।



### 8 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का होगा प्रकाशन

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। फोटो निर्वाचक नामावली 2024 की प्रारंभिक गतिविधियां शुरू हो गई है। 6 जनवरी को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 6 से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन और नाम हटाने के लिए आवेदन लिए जाएंगे। 8 फरवरी को फोटो निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

**13 और 20 को विशेष कैंप :** फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान 13 और 20 जनवरी को विशेष शिविर लगाए जाएंगे।

### *1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा जुड़वा सकेंगे मतदाता सूची में नाम*

*फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अंतर्गत जिन युवाओं की उम्र 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की पूर्ण हो रही है, वे युवा मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही जो युवा 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं, वे भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है। ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। ऑफलाइन के लिए बीएलओ से संपर्क किया जा सकता है। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद शुक्ला उपस्थित रहें।*

### जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट-आईसीयू वार्ड का किया निरीक्षण

# कोविड-19 की आहट से प्रशासन सतर्क कलेक्टर ने अस्पताल में देखी व्यवस्थाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

देशभर के कई प्रदेशों में कोरोना का कहर एक बार फिर से पैर पसारने लगा है। वहीं दक्षिण भारत के राज्यों में कोविड के मरीज भी सामने आए है, जिसको देखते हुए प्रशासन अब अलर्ट मोड में आ गया है।

वहीं शुक्रवार को कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल भी साथ रहे। कलेक्टर ने जिला चिकत्सालय में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण करते हुए सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री तथा सिविल सर्जन डॉ अनिल ओढ से जानकारी ली।

उन्होंने निर्देश दिए कि ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील रहे तथा सभी व्यवस्थाएं पूर्ण रहें, जिससे कि किसी भी स्थिति से निपटा जा सके। उन्होंने जिला अस्पताल में आईसीयू वार्ड का भी निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### *पुराने दर्द के घाव भरे ही थे कि फिर नए घाव का डर*

*कोरोना से जहां देश उभरकर बाहर आया था कि अब फिर से कोरोना ने अपने पैर पसारना शुरू कर दिए है। जिससे लोगो का कहना है कि पुराने घाव अभी भरे ही थे कि फिर नए घाय का डर सताने लगा है।*




### एसडीएम ने सिविल अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर इमरजेंसी सेवाएं क्रियाशील रखने के दिए निर्देश

**बेगमगंज।** देश एवं प्रदेश में कोरोना प्रभावित कुछ मामले मिलने के बाद जहां प्रदेश सरकार ने यदि आदि कदम उठाना शुरू कर दिए वहीं जिला प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क हो गया है। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम सौरभ मिश्रा ने सिविल अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

एसडीएम सौरभ मिश्रा ने आईसीयू वार्ड, ऑक्सीजन प्लांट, आक्सीजन सिलेंडरों का स्टॉक तथा स्टोर रूम में उपलब्ध दवाओं के साथ-साथ मरीज भर्ती कक्ष, डिलेवरी रूम, डॉक्टर के बैठने के रूम, ओपीडी, एक्सरा मशीन, सोनोग्राफी कक्ष, लैब, ड्रेसिंग रूम, एंबुलेंस व्यवस्था आदि का निरीक्षण कर जानकारी हासिल की तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आकस्मिक इमरजेंसी सेवाओं को क्रियाशील रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोरोना प्रभावित कोई मरीज पाया जाता है तो विपरीत परिस्थितियों में प्रभावित मरीजों को समुचित इलाज दिया जा सके।

एसडीएम शौरभ मिश्रा ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किए जाने पर पाया कि कोरोना के नए खतरे के मद्देनजर उससे निपटने सभी व्यवस्था व उपकरण मौजूद हैं।



इस अवसर पर सीबीएमओ डॉ. डीके गुप्ता ने बताया कि इमरजेंसी हालात में निपटने के लिए सभी व्यवस्थाएं चाकचौबंद हैं। जन सहयोग से निर्मित ऑक्सीजन प्लांट सहित स्टॉक में भी पर्याप्त ऑक्सीजन सिलेंडर एवं इसके अतिरिक्त सभी प्रकार की दवाएं स्टॉक में मौजूद है ओर जो नहीं है ,उनकी डिमांड भेजी जा रही है। इसके साथ ही मरीजों के परीक्षण कीजिए जा रहे हैं। अभी तक कोई संदिग्ध मरीज नहीं पाया गया है। प्रतिदिन 4 सौ. के ऊपर ओपीडी आ रही है। जिसमें वायरल फीवर , सर्दी- खांसी या फिर छोटी - मोटी बीमारी से ग्रस्त मरीज आ रहे हैं। जिन्हें समुचित चिकित्सा दी जा रही है। डॉक्टर्स सहित पर्याप्त स्टाफ मौजूद है।

निरीक्षण के दौरान सीबीएमओ डॉ. डीके गुप्ता, डॉ. संदीप यादव, डॉ. नितिन तोमर, बीपीएम जय सिंह, लेखा पाल सुनील कुमार, नायब तहसीलदार, कस्बा पटवारी अंकुर दुबे एवं अन्य डॉक्टर्स सहित अस्पताल का स्टाफ मौजूद था।

# चोरों ने नगर के आधा दर्जन घरों के तोड़े ताले

## सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ चोर गिरोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

नगर बेगमगंज में बीती गुरुवार की रात्रि चोर गिरोह ने नगर के आधा दर्जन मकानों के ताले तोड़े और दो घरों के सामान पर हाथ साफ किये। जानकारी अनुसार नगर के वार्ड क्रमांक 18 अयोध्या नगर रामनगर श्याम नगर में चोरों ने आधा दर्जन मकान के ताले तोड़े चोरी की वारदात कैमरा में कैद हो गई।

सीसीटीवी कैमरा में चोर गिरोह के छह सदस्य हाथ में हतोड़ी, लोहे की रॉड फेंचकस, ताला काटने वाली फनर सहित अन्य लोहे के ओउचार हाथ मैं लिए हुए। अयोध्या नगर मैं टीकाराम यादव के मकान का ताला तोड़ कर घर मैं प्रवेश करते हुए दिखाई दे रहे है। चोरों ने आसपडोस के निवासियों के दरवाजों गेटों की कुंडी बाहर से लगा दी जिससे कोई आस पड़ोसी घर से बाहर न निकल पाए। जानकारी अनुसार नगर के अयोध्या नगर निवासी प्रीतम पटेल सरपंच ग्राम पंचायत पिपलिया पाठक के घर से ताला तोड़कर दादी के कमरे से उनका बैग लेकर फरार हो गए। जबकि उनकी दादी दो विगत सप्ताह तीर्थ यात्रा नर्मदा परिक्रमा के लिए गई हुई है उनके आने के बाद ही स्तिति स्पष्ठ होगी कि चोर उनके कमरा से क्या लेकर गए है।

वहीं पड़ोसी टीकाराम यादव के घर से भी सामान चोरी हुआ है। इसके साथ ही इसी कालोनी के सुशील श्रीवास्तव पटवारी के घर के ताला भी चोरों द्वारा तोडा गया है। वही रामनगर श्यामनगर में भी दो-तीन लोगों के घर के ताले तोड़ने की वारदात सामने आई है।

बाकी बेगमगंज पुलिस का कहना है कि चोरों की तलाश में टीम गठित कर दी गई है शीघ्र ही चोर पुलिस की ग्रफत में होंगे। जिन घरों के ताले तोड़े गए हैं या चोरी हुई है उनके परिजनों द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज की जा रही है।

# धूमधाम के साथ शहर में निकली प्रभु श्रीराम की बारात, कई जगह हुआ स्वागत

## *श्रीराम बारात में सांसद रमाकांत भार्गव, विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी सहित शहरवासी हुए शामिल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शुक्रवार को शहर के चोपड़ा मंदिर से भगवान श्रीराम की ऐतिहासिक बारात निकाली गई। जो चोपड़ा मोहल्ला, पुराना कोतवाली पुरानी बस्ती से राम जानकी मंदिर, होते हुए दुर्गा चौक, माता मंदिर चौराहा, सांची मार्ग होते हुए महामाया चौक के सामने से होकर गंज बाजार होते हुए भोपाल सागर चौराहा होकर श्री रामलीला गेट के भीतर से रामलीला मैदान पहुंची। राम बारात में बड़ी तादाद में सनातन धर्म प्रेमी उत्साह के साथ बाराती बनकर शामिल हुए बारात का नगर में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सनातन धर्म प्रेमी भगवान राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की एक झलक पाने के लिए आतुर दिखाई दे रहे थे। बारात में भाजपा सांसद रमाकांत भार्गव, विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा भी बारात में शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के दर्शन किए।

वहीं आज शनिवार को रामलीला मैदान में स्थानीय कलाकारों द्वारा श्री राम सीता विवाह की आकर्षक प्रस्तुति का मंजन किया जाएगा। समिति ने धर्मप्रेमियों से श्रीराम विवाह में शामिल होने की अपील की है।



# विशाल रक्तदान शिविर कल

## ◆ रक्त की एक बूंद मिलने से खिल उठता है जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

जीवन अनमोल रत्न है खून की एक-एक बूंद से कई जीवन बचाएं जा सकते हैं शहर के युवाओं ने ठान लिया है और जीवन के महत्व को समझ लिया है अनमोल है जीवन किसी को बचाने से मन को शांति देता है खून की एक-एक बूंद से हम लाखों की जिंदगी बचा सकते हैं। आओ 24 तारीख को शहर बाड़ी में रक्तदान महायज्ञ कि इस पावन पर रक्तदान महायज्ञ में अपनी आहुति छोड़ें अनुज ठाकुर की स्मृति में युवाओं का संकल्प आज रक्तदान महायज्ञ मैं हर कोई रक्तदान करने के लिए व्याकुल दिखाई दे रहा है। युवाओं ने महत्व को समझ लिया तो रक्तदान महायज्ञ बन गया और नगर एवं क्षेत्र के युवाओं ने जो बीड़ा उठाया है आज वह लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गया है। जीवन अनमोल है हमें खून की एक बूंद से एक जीवन कई लोगों की आंखों में खुशी ला सकते हैं तो इस महायज्ञ में आप अपनी आहुति दें।

इस महायज्ञ में आप आहुति देंगे तो आपको खुद ही आभास होगा कि आज मैंने जीवन में महत्वपूर्ण काम किया है। आयोजन 24 दिसंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित किया जाएगा इस कार्यक्रम की सफलता के लिए युवाओं में जोश देखा जा रहा है।

# कुशवाह समाज संघ की बैठक में हनुमत सिंह को चंदन पिपरिया का अध्यक्ष चुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

कुशवाहा समाज सिलवानी के तत्वावधान में तहसील के नांदपुर ग्राम में की बैठक कुशवाहा समाज संघ की बैठक आयोजित की गईं। बैठक में बड़ी संख्या में समाजजन मौजूदरहे। यहां पर सामाजिक उत्थन सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाकर चंदन पिपरिया सर्किल की कार्यकारिणी का गठन सर्व सहमति से किया जाकर हनुमत सिंह कुशवाहा को ग्राम इकाई चंदन पिपरिया सर्किल का अध्यक्ष चुना।

अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष मुरारी लाल कुशवाहा, सालकराम कुशवाहा, दीपक कुशवाहा, हर गोविंद कुशवाहा, गंगाराम कुशवाहा, सचिव हरिशंकर कुशवाहा, सह सचिव शिवराज सिंह कुशवाहा, कोषाध्यक्ष रामशंकर कुशवाहा, संगठन मंत्री रमेश कुशवाहा, बालचंद कुशवाहा चौका, हरिचरण कुशवाहा चौका, संरक्षण मंडल में कलीराम कुशवाहा चिल्ली, शोभाराम कुशवाहा चंदन पिपरिया, कालूराम कुशवाहा नांदपुर का सर्वसम्मति से चयन किया। इस मौके पर कुशवाहा समाज संघ के तहसील अध्यक्ष राजेश कुशवाहा, पूर्व जिला अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद कुशवाहा, प्रदीप कुशवाहा पार्षद, कुशवाहा समाज संघ के सचिव नंदकिशोर कुशवाहा एवं उदयपुरा से पूर्व जिला उपाध्यक्ष कन्हैया लाल कुशवाह, पूर्व जिला प्रचार मंत्री जीवन सिंह कुशवाहा एवं क्षेत्र के वरिष्ठ समाजजन उपस्थित रहे।



### स्व. वाजपेयी के जन्मदिन से पूर्व 24 को मनाया जाता है सुशासन दिवस

# अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई सुशासन की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के सीपीआर महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसंबर के एक दिवस पूर्व 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा जिला अस्पताल में चिकित्सकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों को प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदण्डों को स्थापित करने के लिए सदैव संकल्पित रहने, शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी तथा जवाबदेह बनाने हर संभव प्रयास करने एवं नागरिक के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल, सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री, सिविल सर्जन डॉ अनिल ओढ, एसडीएम मुकेश सिंह सहित चिकित्सक, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के एक दिवस पूर्व 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाया जाता है। 24 दिसमंबर को रविवार तथा 23 दिसंबर को शासकीय अवकाश होने के कारण 22 दिसम्बर को सभी शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रदेश में सुशासन की शपथ दिलाई गई।



### *कलेक्ट्रेट में अधिकारी-कर्मचारियों ने ली सुशासन की शपथ*

*पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसंबर के एक दिवस पूर्व 24 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। 23 तथा 24 दिसम्बर को अवकाश होने के कारण सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट कार्यालय भवन में अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे द्वारा सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदण्डों को स्थापित करने के लिए सदैव संकल्पित रहने, शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याण केन्द्रित तथा जवाबदेह बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने एवं नागरिक के जीवन स्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अनेक विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।*